-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 27.09.2025

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **महिला सुरक्षा एवं सशक्तिकरण हेतु चलाए जा रहे मिशन शक्ति 5.0 अभियान के क्रम में जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में मिशन शक्ति टीम द्वारा स्कूलों, कॉलेजों, कोचिंग संस्थानों, बाजारों, ग्राम सचिवालयों में चलाया गया सघन जागरुकता कार्यक्रम । छात्राओं/बालिकाओं/महिलाओं को उनकी सुरक्षा एवं सशक्तीकरण हेतु चलाई जा रही योजनाओं के बारे में दी गई जानकारी ।**

विवरण- मा0 मुख्यमंत्री उ0प्र0 शासन श्री योगी आदित्यनाथ द्वारा महिला सुरक्षा एवं सशक्तीकरण हेतु चलाए जा रहे मिशन शक्ति 5.0 अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में सघन जागरुकता अभियान चलाया गया । अभियान के अन्तर्गत स्कूलों, कॉलेजों, कोचिंग संस्थानों, बाजारों, ग्राम सचिवालयों में बालिकाओं/महिलाओं को एकत्रित कर/चौपाल लगाकर उन्हे शासन द्वारा उनकी सुरक्षा एवं सशक्तीकरण हेतु चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं, कार्यक्रमों सहित अन्य सभी सहायता सेवाओं के बारे में जानकारी दी गई । छात्राओं/बालिकाओं/महिलाओं को मुख्यमंत्री हेल्पालाइन-1076, वीमेन हेल्पलाइन-1090, चाइल्ड केयर हेल्पलाइन, आपाताकालीन पुलिस सेवा- डायल यूपी 112 जैसी महत्वपूर्ण सेवाओं के बारे में जानकारी दी गई । इसी क्रम आज दिनांक 27.09.2025 को मिशन शक्ति जागरुकता अभियान के क्रम में थाना मरका की मिशन शक्ति टीम द्वारा आदर्श बालिका इण्टर कालेज ग्राम भभुआ में, थाना कोतवाली देहात की मिशन शक्ति टीम द्वारा कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय ग्राम महोखर में, थाना पैलानी की मिशन शक्ति टीम द्वारा राजकीय इण्टर कालेज पैलानी में, थाना मटौन्ध की मिशन शक्ति टीम द्वारा रेलवे स्टेशन मटौन्ध पर, थाना चिल्ला की मिशन शक्ति टीम द्वारा कस्बा चिल्ला में, कोतवाली नगर की मिशन शक्ति टीम द्वारा द्वारा भगवत प्रसाद मेमोरियल एकेडमी श्रीनाथ बिहार कालोनी, थाना बबेरु की मिशन शक्ति टीम द्वारा कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में, थाना नरैनी की मिशन शक्ति टीम द्वारा पूर्व माध्यमिक विद्यालय ग्राम पनगरा में, थाना फतेहगंज की मिशन शक्ति टीम द्वारा ग्राम फतेहगंज में, थाना जसपुरा की मिशन शक्ति टीम द्वारा कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की छात्राओं को, थाना बदौसा की मिशन शक्ति टीम द्वारा प्राथमिक विद्यालय बरछा में, थाना कमासिन की मिशन शक्ति टीम द्वारा ग्राम दलपापुरवा में चौपाल लगाकर, थाना तिन्दवारी की मिशन शक्ति टीम द्वारा सत्यनारायण इंटर कॉलेज सोनरही में मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत वृहद रुप से जागरुकता अभियान चलाकर महिलाओं/बालिकाओं/छात्राओं को जागरुक किया गया ।